उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 15.09.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को किया गया जागरूक...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में *महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा* सम्मान हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज दिनांक- 15.09.2025 को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी क्रम में जनपद के अन्य थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पम्पलेट वितरित कर हेल्पलाइन नम्बरों का प्रचार-प्रसार किया गया। जिसमें क्रमशः

**थाना कोतवाली नगर महोबा** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में

**थाना कबरई –** कस्बा कबरई में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में

**थाना खन्ना-** विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में

**थाना चरखारी –** कस्बा चरखारी में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एवं सार्वजनिक स्थानों में

**थाना खरेला** – कस्बा खरेला के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में

**थाना श्रीनगर** – विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड भाड वाले स्थानों में

**थाना पनवाड़ी –** थाना पनवाड़ी के कस्बा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में

**थाना महोबकंठ –** कस्बा महोबकंठ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में

इस दौरान महिलाओं बालिकाओं से वार्ता कर परस्पर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें उनके अधिकारों से संबंधित प्रमुख कानूनी प्रावधानों, *गुड टच-बैड टच*, *साइबर अपराध* से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:-**

**112 –** पुलिस आपातकालीन सेवा, **1076 –** मा० मुख्यमंत्री हेल्प लाइन
**1090** – विमेन पावर हेल्पलाइन, **1930 –** साइबर अपराध हेल्पलाइन **102 –** स्वास्थ्य सेवा,
**108 –** एम्बुलेंस सेवा **1098 –** चाइल्ड हेल्पलाइन, **181 –** महिला हेल्पलाइन

इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और हर परिस्थिति में उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-



आज दिनांकः- 15.09.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।



जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 15.09.2025

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 15.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह हे0कां0 हरदेव सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तगण क्रमशः 1.लक्ष्मी सिंह पुत्र रामसजीवन सिंह उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम कपसा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर सम्बन्धित मु0नं0 831/2006 अ0सं0 77/2001 धारा 25 ए एक्ट में मा0 न्यायालय सिविल जज जू0डि0 मौदहा हमीरपुर द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा 2.हरपाल पुत्र भीखराज उम्र करीब 51 वर्ष निवासी ग्राम लरौंद थाना बिंवार जनपद हमीरपुर सम्बन्धित मु0नं0 881/2006 अ0सं0 52/2004 धारा 25 ए एक्ट में मा0 न्यायालय सिविल जज जू0डि0 मौदहा हमीरपुर द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्तगण उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम –

1.उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह
2.हे0कां0 हरदेव सिंह परिहार

### गिरफ्तार अभियुक्त–

1.लक्ष्मी सिंह पुत्र रामसजीवन सिंह उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम कपसा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर

2. हरपाल पुत्र भीखराज उम्र करीब 51 वर्ष निवासी ग्राम लरौंद थाना बिंवार जनपद हमीरपुर



# महोबा पुलिस



## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 15.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 204/2025 धारा 74/126(2)/351(3) BNS व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त हमजा खान पुत्र फरीद खान उम्र 19 वर्ष निवासी मु0 मडवासन कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा को बम्हौरी बेलदारन रोड़ के पास कस्बा चरखारी थाना चरखारी जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी

### गिरफ्तार अभियुक्त -

हमजा खान पुत्र फरीद खान उम्र 19 वर्ष निवासी मु0 मडवासन कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा



# महोबा पुलिस



## महोबा पुलिस की बड़ी कार्रवाई –

### थाना चरखारी की पुलिस टीम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 15.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित फर्जीवाड़े के मामले में पंजीकृत अभियोग में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 रमेश कुमार यादव मय हमराह हे0कां0 शहनवाज हुसैन व हे0कां0 रामबाबू गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 202/2025 धारा 318(4)/338/336(3) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 02 नफर वाछिंत अभियुक्तगण क्रमशः 1.हर्षवर्धन पुत्र अशोक वर्धन उम्र करीब 38 बर्ष निवासी मु0 कुशवाहा नगर अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा 2.अनूप कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र करीब 53 बर्ष निवासी ग्राम साथी थाना बबेरू जनपद बांदा को सेन्ट जेम्स इन्टर कॉलेज गेट के पास कस्बा चरखारी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. उ0नि0 रमेश कुमार यादव
2. हे0कां0 शहनवाज हुसैन 3. हे0कां0रामबाबू गौतम

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

1.हर्षवर्धन पुत्र अशोक वर्धन उम्र करीब 38 बर्ष निवासी मुहाल कुशवाहा नगर अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा

2.अनूप कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र करीब 53 बर्ष निवासी ग्राम साथी थाना बबेरू जनपद बांदा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 15.09.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 15.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह मय हमराह का0 कुबेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 181/25 धारा 109(1)/85/352 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त राहुल अहिरवार पुत्र धर्मदास अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कैमाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को कैमाहा मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह
2. का0 कुबेर सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त–

राहुल अहिरवार पुत्र धर्मदास अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कैमाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा



## महोबा पुलिस को बड़ी सफलता – गांजा तस्करी में संलिप्त दो अभियुक्तों को थाना कबरई पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कबरई पुलिस को नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14.09.2025 को दो अभियुक्तों क्रमशः 1. ज्ञानेन्द्र कुमार पुत्र आत्माराम तिवारी (उम्र 25 वर्ष, निवासी मोहल्ला शास्त्री नगर, थाना कबरई, जनपद महोबा) 2.अर्पित सिंह पुत्र अनिल सिंह (उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम महेवा, थाना कबरई, जनपद महोबा) को ग्राम उटिया धरौन की ओर जाने वाली सड़क पर नहर पुल के पास मोहल्ला शास्त्री नगर, थाना कबरई से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कबरई पर मु0अ0सं0 261/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### अभियुक्तगण के कब्जे से बरामदगी:

- 135 पुड़िया (पारदर्शी पन्नियों में भरा सूखा गांजा)
- एक झोले में 866.07 ग्राम सूखा गांजा
- दूसरे झोले में 293.04 ग्राम सूखा गांजा (काली पन्नियों में पैक)
- कुल 1 किलो 159.11 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. ज्ञानेन्द्र कुमार पुत्र आत्माराम तिवारी (उम्र 25 वर्ष, निवासी मोहल्ला शास्त्री नगर, थाना कबरई, जनपद महोबा)

2.अर्पित सिंह पुत्र अनिल सिंह (उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम महेवा, थाना कबरई,जनपद महोबा)

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:

- थानाध्यक्ष सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया
- व0उ0नि0 मलखान सिंह
- का0 धर्मेन्द्र कुमार
- का0 राहुल अग्निहोत्री

